तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 4 मई 2026



भीषण गर्मी में जिले के लिए राहत बनी शिवनाथ... 12





साजा न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं के साथ ... 10






## खबर संक्षेप

### स्कूटी चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** पार्किंग से स्कूटी चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि खपरी कुम्हारी निवासी लक्ष्मण बारलेस्कूटी से सीजी 07 बीजी 3996 को जब्त किया गया है। स्कूटी खेरधा निवासी अरमान अली की है। 22 अप्रैल को आरोपी ने घटना को अंजाम दिया था। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

### गांजा बेचने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाली महिला और एक अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ा है। महिला के पास से पुलिस ने 2 किलो 880 ग्राम गांजा बरामद किया। जामुल पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 20/8 पीएम आवास 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड निवासी एस. निर्मला को मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया। आरोपी के घर से पुलिस ने 1.44 लाख रुपएअ का गांजा बरामद किया है। महिला के पास से नगदी 500 रुपए भी जब्त किया है। मकान में तलाशी के दौरान एक सफेद रंग की बोरी में 2 किलो 880 ग्राम गांजा व नगदी मिला।

### खाते से 1.71 लाख रुपए पार

**भिलाई।** फ्लिपकार्ड आईडी में मोबाइल नम्बर व पता डालकर तीन मोबाइल फोन का ऑर्डर कर खाते से आईसीआईसीआई एवं इंडसइंड बैंक बैंकों के क्रेडिट कार्ड से 1.73 लाख 661 रूपये का ऑनलाईन ठगी किया है। शिकायत चौकी स्मृतिनगर पुलिस चौकी में किया गया। पुलिस ने बताया कि मकान नं. बी-48 चौहान ग्रीनवैली फेस-2 जुनवानी निवासी मुकेश कुमार चंद्रवंशी टैक्समो कम्पनी गोगांव रायपुर में मैनेजर है। 13 अप्रैल को उनके वाट्सअप पर अज्ञात मोबाईल नम्बर से से ई-चालान का मैसेज आया। जिसमें पुलिस विभाग का मोनो लगा हुआ था। चालान से जुड़ी जानकारी नही मिला तब उस मोबाईल नम्बर पर कॉल लगाया। तब पीड़ित ने फोन नही उठाया।

### सट्टा खिलाने वालों से 5 लाख का सामान जब्त

**भिलाई।** कार में घूम-घूमकर क्रिकेट सट्टा में दांव लगाने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। छावनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बैकुंठधाम गेट के सामने गौरव पथ रोड के किनारे केम्प 2 पुलिस टीम पहुंची। जहां से न्यू संतोषी पारा निवासी पवन कुमार यादव, प्रगति नगर रिसाली के मयंक गणवीर, स्मृतिनगर नमन गुप्ता, ग्राम बरहापुर धमधा नीलकंठ कोसरे उर्फ नीलू को पकड़ा गया। युवकों के पास से चार पहिया कार सीजी 04 क्यूसी 2624 कीमत 4.50 लाख रुपये, आईफोन समेत पांच मोबाइल को भी जब्त किया गया है।

# जिले में कल सजेगा जिला संवाद का मंच, सत्ता और विपक्ष होंगे आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले की राजनीति, विकास और जनसमस्याओं पर खुली चर्चा का बड़ा मंच तैयार हो चुका है हरिभूमि, आईएन एच का बहुचर्चित कार्यक्रम जिला संवाद कल 5 मई मंगलवार शहर के द किंग्स महल में शाम 4 बजे आयोजित होगा।

इस विशेष आयोजन में प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में हुए विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर सीधा संवाद किया जाएगा। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि एक ही मंच पर सत्ता और विपक्ष आमने-सामने होंगे और जनता के सवालों का सीधे जवाब देंगे। कार्यक्रम का संचालन हरिभूमि- आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी करेंगे। वे अपने खास अंदाज में जनप्रतिनिधियों से सीधे और तीखे सवाल पूछेंगे, जिससे जिले के विकास, योजनाओं की हकीकत और जमीनी समस्याओं पर खुलकर चर्चा हो सके। इस मंच के माध्यम से आम जनता की आवाज सीधे नीति-निर्माताओं तक पहुंचेगी। कार्यक्रम में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और उद्योग जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद जिले में हुए विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत होगा, वहीं अधूरे काम, योजनाओं की धीमी गति और जनता की परेशानियों पर भी सवाल उठेंगे।

जिला संवाद

## हरिभूमि-आईएनएच का बड़ा मंचः क्षेत्र के विकास पर होगी बात

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का होगा सम्मान

इस अवसर पर समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जिले के पांच व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा जो समाज के लिए निस्वार्थ कार्य कर रहे हैं। जिला संवाद का उद्देश्य केवल चर्चा करना नहीं, बल्कि समाधान की दिशा में पहल करना है। आम नागरिकों की भागीदारी से यह मंच और भी प्रभावी बनेगा। कार्यक्रम के जरिए जनता के लिए जनप्रतिनिधियों के बीच सीधा संवाद स्थापित होगा, जिससे लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती मिलेगी।



### शिक्षा, उद्योग और व्यापार जगत की सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम केवल राजनीतिक बहस तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जिले के शिक्षा, उद्योग और व्यापार क्षेत्र से जुड़े प्रमुख लोग भी इसमें शामिल होंगे। वे विकास की संभावनाओं, निवेश, रोजगार और स्थानीय चुनौतियों पर अपने विचार रखेंगे, जिससे संवाद बहुआयामी बनेगा।

### प्रशासन भी देगा जवाब पारदर्शिता पर जोर

जिला संवाद में प्रशासनिक अधिकारियों की भागीदारी भी इसे खास बनाती है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगई और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित अन्य अधिकारी मंच पर मौजूद रहेंगे और प्रशासनिक ▶▶| शेष पेज 11 पर

### मंत्री, सांसद से लेकर विपक्ष के दिग्गज होंगे शामिल

जिला संवाद में प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल, सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, गुरुदयाल सिंह बंजारे, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू तथा भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकाहरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इससे मंच पर विविध राजनीतिक दृष्टिकोण सामने आएंगे और बहस सार्थक दिशा लेगी।

## मौसम


# पारा 44 डिग्री के पार, सड़कों पर पसरा सन्नाटा ओलावृष्टि व अंधड़ की चेतावनी ने बढ़ाई चिंता

### दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक लोग घरों में कैद रहने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कोरोना काल की याद दिला रही यह तस्वीरें वर्तमान की हैं। दरअसल, इसका कारण हैं अंचल में पड़ रही भीषण गर्मी। पूरे जिले में नौतपा से पहले ही सूरज के रौद्र रुप ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 44 C दर्ज किया गया, जबकि गर्म हवाओं और उमस ने लोगों का घरों से निकलना दूभर कर दिया है।

दोपहर के समय सड़कें सूनी नजर आ रही इस बीच, मौसम विभाग की चेतावनी ने चिंता और बढ़ा दी है कि जिले में आगामी चार दिनों तक मौसम का मिजाज बदलने और ओलावृष्टि होने की प्रबल संभावना है। भीषण गर्मी का असर बाजार पर भी नजर आने लगा है। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तकvव्यापारिक गतिविधियों में भारी गिरावट देखी जा रही है। लोग घरों में सुस्ता रहे हैं वहीं दुकानदार भी



भीषण गर्मी के चलते दुकानों में गर्मी से बचने की व्यवस्था में जुटे नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार आगामी कुछ दिन ओलावृष्टि और अंधड़ के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों की माने तो पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते अगले 48 से 96 घंटों के भीतर महासमुंद के कई हिस्सों में तेज आंधी-तूफान के साथ ओले गिर सकते हैं पूर्वानुमान के अनुसार आज तापमान 45C तक जा सकता है, जिससे गर्मी और बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार आगे सोमवार और मंगलवार को आसमान में बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश की 15% संभावना जताई गई है, जिसके साथ ओलावृष्टि की चेतावनी किसानों की चिंता बढ़ा सकती है।

### प्रशासन की सलाह और एहतियात

भीषण गर्मी और संमाधित मौसम परिवर्तन को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए दोपहर में बाहर न निकलने की सलाह दी है। साथ ही कहा गया है कि बहुत जरूरी होने पर सिर ढककर बाहर निकलें और भरपूर पानी पिएं। साथ ही किसानों को सलाह दी गई है कि कटी हुई फसलों को सुरक्षित स्थानों पर रखने की व्यवस्था करें ताकि ओलावृष्टि से नुकसान न हो।

### भीषण गर्मी से बेहाल हुआ जनजीवन

मई महीने की शुरुआत के साथ हीलू का असर साफ दिखने लगा है। आज महासमुंद में पश्चिमी हवाओं की गति 11 मील प्रति घंटे रही. जिससे वातावरण में शुष्कता बढ़ गई है। वर्तमान में आर्दता का स्तर 35% के आसपास है, जिससे उमस भरी गमी का अहसास हो रहा है।
**खान पान का रखें विशेष खयाल सीएमएचओ रावः** खान-पान का ध्यान रखने की सलाह देते हुए सीएमएचओ नागेश्वर राव ने कहा है कि लू से बचने के लिए ओआरएस घोल, नींबू पानी और ताजे फलों का सेवन करें। बाहर निकलने से पहले सिर ढंकने की व्यवस्था और प्याज भी जरूर साथ रखें। ग्रामीण इलाकों में जलस्तर गिरने से पेयजल की समस्या गहराने लगी है। वहीं तालाबों के सूखने से निस्तार संकट और मवेशियों के भी पीने के पानी की समस्या सामने आने लगी है। इधर, भीषण गर्मी के प्रभाव से अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों में अधिकतर डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक और बुखार के मरीजों की संख्या में अचानक इजाफा हुआ है।

# यातायात नियमों की अनदेखी 22 वाहन चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए 22 वाहन चालकों पर कार्रवाई की है।

■ वसूला 6 हजार से अधिक समन शुल्क

इस दौरान 18 प्रकरणों में कुल 6,200 रुपये समन शुल्क वसूला गया, जबकि 4 प्रकरणों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस द्वारा बिना हेलमेट वाहन चलाना, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, तेज गति, भारी वाहन का लापरवाहीपूर्वक संचालन, दोपहिया में मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग तथा शराब पीकर वाहन चलाने जैसे गंभीर उल्लंघनों पर कार्रवाई की गई। 02 मई 2026 को की गई कार्रवाई में चौकी मारो में 5, कंडरका में 3,



संबलपुर में 5 तथा यातायात बेमेतरा में 9 चालान किए गए। इस तरह कुल 22 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई हुई। इनमें तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, मालवाहक वाहन में सवारी बैठाना, तेज गति, खतरनाक तरीके से वाहन खड़ा करना, मौके पर दस्तावेज प्रस्तुत न करना और बिना लाइसेंस वाहन चलाने जैसे मामलों में 18 प्रकरणों में समन ▶▶| शेष पेज 11 पर

# कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से व्यवसायियों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पहले से महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों और छोटे व्यवसायियों पर एक बार फिर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ गया है। 1 मई 2026 से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में भारी वृद्धि कर दी गई है, जिसने स्थानीय बाजार में हलचल मचा दी है। सरकारी तेल कंपनियों द्वारा 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में एकमुश्त 993 रुपए की रिकॉर्ड बढ़ोतरी की गई है।

नई दर के अनुसार अब यह सिलेंडर 3370 रुपए में मिलेगा, जो पहले लगभग 2377 रुपए का था। वहीं 5 किलोग्राम के छोटे कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में भी 261 रुपए की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे आम उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत जरूर मिली है। इस



■ ग्राहकों की जेब पर पड़ेगा असर चाय, नाश्ता और भोजन महंगा

अप्रत्याशित बढ़ोतरी का सबसे ज्यादा असर छोटे व्यापारियों, होटल और ढाबा संचालकों पर पड़ा है। शहर के स्ट्रीट फूड विक्रेताओं का कहना है कि पहले ही गैस सिलेंडर की उपलब्धता सीमित रहती है, और अब कीमतों में भारी उछाल ने उनकी लागत बढ़ा दी है। उनका कहना है कि अब वे मजबूरी में अपने खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ाएंगे, जिससे ग्राहकों की संख्या घट सकती है और कारोबार ▶▶| शेष पेज 11 पर

### होटल-ढाबा संचालकों ने जताई नाराजगी

होटल और ढाबा संचालकों के अनुसार, इस वर्ष यह तीसरी बार है जब कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़े हैं। पहले की मामूली बढ़ोतरी को उन्होंने नजरअंदाज किया था, लेकिन इस बार की भारी वृद्धि के बाद कीमत बढ़ाना अब अनिवार्य हो गया है। उनका कहना है कि आने वाले दिनों में चाय, नाश्ता और भोजन सहित लगभग सभी खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ सकते हैं, जिसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा।
**पेट्रोल-डीजल के दाम भी बढ़ने के संकेतः** फिलहाल पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन यह राहत अस्थायी मानी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां इसी तरह बनी रहीं, तो आने वाले समय में इनकी कीमतों में भी बढ़ोतरी संभव है। कमर्शियल गैस सिलेंडर की इस भारी वृद्धि ने बेमेतरा के स्थानीय बाजार में चिंता और असंतोष का माहौल पैदा कर दिया है। व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को अब आने वाले दिनों में महंगाई के और बढ़ने की आशंका सता रही है।

## ग्राम दर्री मे 6 मई को आयोजित होगी सुशासन तिहार

# दर्री में जनचौपाल लगाकर एसडीएम ने की मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आमजन की समस्याओं के समयबद्ध समाधान व त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से इस वर्ष भी "सुशासन तिहार 2026" के आयोजन व्यापक पैमाने पर किया जाएगा जिसके लिए थान खम्हरिया तहसील के समीपस्थ ग्राम दर्री मे 06 बूधवार को सुशासन तिहार का आयोज किया जागया।


इसके पूर्व 2 मई को साजा एसडीएम पिंकी मनहर द्वारा सभी विभाग के अमलो के साथ ग्राम मे दर्री मे लगाई गई जनचौपाल ने ग्रामीणो के समक्ष भ्रम की स्थिति निर्मित कर दी है लोग इसे ही सुशासन तिहार शिविर मानकर समस्या व मांगो पर आवेदन प्रस्तुत कर दिये।शायद यह शिविर के पूर्व जनसमस्याओ से रूबरू होने तथा किसी अनहोनी को भांपने प्रशासन की मॉकड्रील था ताकि शिविर मे उच्चस्थ



अधिकारी तक प्रशासनीक कमजोरी सामने ना आ सके तथा आवेदन भी कम प्राप्त हो सके। शिविर पूर्व जनचौपाल कोई प्रशासनीक आदेश नही है बल्कि मुख्यमंत्री की कठोर पत्र जन शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुशासन की आधारशिला है तथा आम नागरिकों को पारदर्शी, सरल एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता मे शामिल किया गया है।ग्राम दर्री के जनचौपाल मे एसडीऐम ने सरपंच सहित ग्रामीणो की समस्याओ मांगो पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।ग्रामीण ढाल सिह राजपूत,अवधेश सिह,सनत ठाकुर,मोहित साहू,दुखु साहू,सरपंच राजेश साहू,जलेशूवर सिह,चुन्नू साहू,अशोक साहू,पुखराज वर्माय,रोहित साहू ने बताया कि जनचौपाल ▶▶| शेष पेज 11 पर

### 1 मई से 10 जून तक लगेंगे जन समस्या निवारण शिविर

सुशासन तिहार के अंतर्गत 01 मई से 10 जून 2026 तक जिले भर में जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा जसमे थान खम्हरिया तहसीलअंतर्गत 25 ग्राम पंचायतो के एक समूह के लिए 06 मई बुधवार को समीपस्थ ग्राम दर्री मे शिविर का आयोजन किया जायगा जबकि नगर पंचायत क्षेत्र के लिए 26 मई की तिथि निर्धारित किया गया है।। ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर आयोजित होंगे। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये गये है।

**खबर संक्षेप**

### निशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**दुर्ग।** गुरु घासीदास सेवा समिति सेक्टर 6 के तत्वावधान में निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन 3 मई को किया गया है। समाज के वरिष्ठ अनुभवी डॉक्टरों द्वारा हर माह के प्रथम रविवार को दोपहर 12 से 1 बजे शिविर का आयोजन किया जाता है। चिकित्सा शिविर सर्व समाज के लिए है। शिविर सतनाम भवन सेक्टर 6 में आयोजित है।

### कुथरेल में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**दुर्ग।** सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत दुर्ग जनपद पंचायत के ग्राम कुथरेल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुथरेल में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर में ग्राम पंचायत अंडा, विनायकपुर, आमटी, मासाभाट, आलबरस, निकुम, चिंगरी, अछोटी, कुथरेल, भरदा, कोनारी, चंदखुरी, भानपुरी, जंजगिरी, मतवारी और रिसामा शामिल है। शिविर का आयोजन सुबह 09 बजे से शाम 04 बजे तक किया जाएगाा।

### कुलपति दयाल ने कृषि छात्रों से किया संवाद

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा के बीएससी कृषि के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण पत्रकारिता और व्यवहार कौशल विषय के अंतर्गत कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय काठाडीह का टीवी स्टूडियो और सामुदायिक रेडियो 90.8 रेडियो संवाद का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस विशेष सत्र में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने कृषि पत्रकारिता और व्यवहार कौशल विषय पर विद्यार्थियों से इंटरेक्शन किया। प्रो. दयाल ने कहा कि शहरों की अपेक्षा ग्रामीण भारत में समाचार पत्रों का ग्रोथ परसेंटेज बढ़ा है। रेडियो की रीच और टार्गेट आडियंस में पहुंच आए दिन बढ़ रही है। इंटरनेट के विकास के साथ सोशल मीडिया का इंफ्यूलेंस बढ़ा है। कृषि प्रधान भारत में दूरदर्शन टीवी माध्यम का ग्राम विकास और उन्नत कृषि में योगदान का उदाहरण हम सबके सामने है।

# फायर सेफ्टी की अनदेखी : 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में शॉर्ट सर्किट की वजह से 10 लाख का ब्लीचिंग पाउडर जलकर स्वाहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर निगम दुर्ग के 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में फायर सेफ्टी को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। शनिवार को शाम करीब साढ़े 4 बजे फिल्टर प्लांट के स्टोर रूम में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी। आग की वजह से स्टोर रूम में रखे करीब 10 लाख रुपए के ब्लीचिंग पााउडर और एलम खराब हो गए। शॉर्ट सर्किट किन कारणों से हुआ, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। सूचना के बाद महापौर अल्का बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल, जलकार्य प्रभारी लीना देवांगन, अधिकारी प्रकाश थवानी सहित अन्य मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना से जुड़ी जानकारी ली। मामले में महापौर ने जांच के निर्देश दिए हैं। बता दें कि फिल्टर प्लांट में पहले भी क्लोरीन गैस का रिसाव हुआ था। 4 से ज्यादा कर्मचारी बीमार भी हुए थे। बावजूद इसके लंबे समय से फायर सेफ्टी को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। खबर है कि फिल्टर प्लांट में अग्नि सुरक्षा के लिए रखे सभी उपकरण बेकार पड़े हैं। फायर डिस्टिंग्विश में गैस की रिफिलिंग और मेंटेनेंस को गंभीरता से नहीं लिया गया है। शनिवार को हुए हादसे के बाद एक बार फिर अनदेखी सामने आई है। इतना ही नहीं क्लोरीनेशन का ऑटोमेटिक सिस्टम पिछले करीब 6 सालों से बंद है। बावजूद इसके इसे सुधारने को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई है। पानी में क्लोरीन मिलाने के लिए पुरानी पद्धति यानी ब्लीचिंग पाउडर और एलम के खोल से क्लोरीन निकालकर पानी में मिलाया जा रहा है, जो ज्यादा खर्चीला और सेहत के हिसाब असुरक्षित माना गया है।

## दो दिन पहले ही फिल्टर प्लांट में पहुंचा था 1 हजार बोरी ब्लीचिंग पाउडर, स्टोर रूम में पहले से था एलम

### महापौर ने किया निरीक्षण पेयजल आपूर्ति प्रभावित

42 एमएलडी फिल्टर प्लांट के स्टोर लगी में आग के बाद महापौर मौके पर पहुंची। उन्होंने हादसे की जानकारी ली। हादसे के बाद प्लांट को बंद कर दिया गया। शनिवार शाम की पाली का पेयजल सप्लाई प्रभावित रही। 3 मई को आपूर्ति प्रभावित रहने की बात कही जा रही है। फिल्टर प्लांट के स्टोर में बड़ी मात्रा में जल शुद्धिकरण में उपयोग होने वाले ब्लीचिंग पावडर का भंडारण किया गया था। शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग से स्टोर के भीतर रखे सामान को नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया जिससे बड़ा हादसा टल गया। आधे घंटे की मशक्कत के बााद लगी आग पर काबू पाया गया। महापौर ने 42 एमएलडी प्लांट के सभी मोटरों के अलावा 24 एमएलडी में चल रहे मोटर पंपों का अवलोकन कर सभी तकनीकी खामियों को दूर कर करने के निर्देश दिए।



ब्लीचिंग पाउडर आग लगने के बाद लावा की तरह बहा।



### जांच के निर्देश

फिल्टर प्लांट एक संवेदनशील क्षेत्र है। किन परिस्थितियों में आग लगी, इस बारे में जानकारी के लिए जांच के निर्देश दिए गए हैं। मामला संवेदनशील है। फायर सेफ्टी उपकरणों की भी जांच कराई जाएगी।

अल्का बाघमार, महापौर नगर निगम दुर्ग

### रिकॉल : 16 जनवरी 2019 को क्लोरीन गैस का हुआ था रिसाव

बता दें कि दुर्ग निगम के 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट का क्लोरीनेशन प्लांट लंबे समय से बंद है। 16 जनवरी 2019 को क्लोरीन गैस के रिसाव के बाद से यह प्लांट है। इसके बाद से आधे शहर को ब्लीचिंग पाउडर के जरिए क्लोरीन निकालकर इसे पानी में मिलाया जा रहा है। और इसे पीने के लिए आपूर्ति की जा रही है। शहर के करीब 10 पानी टंकियों के जरिए डेढ़ लाख की आबादी तक यह पानी पहुंच रहा है। जबकि डब्लूएचओ और सीपीएचईईओ (सेंट्रल पब्लिक हेल्थ इन्वायरमेंटल आर्गेनाइजेशन) ने स्पष्ट किया है कि ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग न किया जाए। फिल्टर प्लांट में ऑटोमेटिक क्लोरीनेशन सिस्टम के लिए लिक्विड फार्मेट में पानी में प्री और पोस्ट तरीके से डोजिंग की जाए। इस प्रकार तय मानकों की अनदेखी हो रही है। वर्तमान में निगम के जलकार्य विभाग द्वारा ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग किया जा रहा। 25 किलो के बैग से करीब 35 प्रतिशत क्लोरीन की मात्रा मिलती है। इसके अलावा चूना या एलम का उपयोग किया जा रहा। इसके जरिए पानी को शुद्ध किया जा रहा। नियमतः 0.1 पीपीएम मात्रा पीने के पानी क्लोरीन की आवश्यक होती है। इसके लिए फिल्ट्रेशन करते हैं।

# साजा न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं के साथ की बैठक, आपसी राजीनामा व सुलह पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

9 मई को होने वाले नेशनल लोक अदालत की तैयारी को लेकर आज साजा के न्यायाधीश माला यादव ने अधिवक्ता संघ साजा के पदाधिकारी एवं सदस्यों से आवश्यक चर्चा कि ओर होने वाले लोक अदालत के लिए लंबित आपराधिक एवं दीवानी प्रकरणों में मध्यस्थ हेतु संबंधित पक्षकारों से आवश्यक चर्चा कर सलाह का वातावरण निर्मित करने की अपेक्षा की।

इस दौरान उन्होंने कहां की यह बड़ी लोक अदालत है जिसके माध्यम से पक्षकारों के बीच मनमुटाव समाप्त कर उनके प्रकरणों का निराकरण किया जा सकता है। लोक अदालत का मुख्य मकसद आपसी राजीनामा करा पारिवारिक वातावरण नियमित करना है छोटे-छोटे मामले जाने अनजाने में दर्ज होते हैं और वह गंभीर रूप धारण कर लेता है फलस्वरुप वर्षों वर्ष तक प्रकरण चलते रहता है लोक अदालत ही एक ऐसा मंच है जिसके माध्यम से प्रकरणों का शीघ्र निपटारा आपसी रजामंदी से होता है। इस पुनीत कार्य में संबंधित अधिवक्तागण पुल का काम कर सकते हैं, उन्होंने यह भी कहां की माननीय उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय के संबंधित न्यायाधीश महोदय के मार्ग-निर्देशन में यह लोक अदालत साजा में भी प्रकरणों का निपटारा करेगी। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मूलचंद शर्मा ने कहा कि पूर्व में भी साजा में अधिवक्ताओं के मध्यस्थता से अनेक प्रकरणों का निपटारा हुआ है और इस लोक अदालत में भी प्रकरणों की संख्या अधिक रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों और पक्षकारों तथा अधिवक्ताओं के बीच आवश्यक चर्चा के बाद प्रकरणों का निपटारा अधिक से अधिक हो सकता है। इस अवसर पर अधिवक्ता विनोद शर्मा, योगेंद्र सिंह चंदेल,गोकुल राजपूत,मनोज शर्मा,मनोज वर्मा सहित अधिवक्तागण विधिक सेवा तालुका ने भी अपने विचार रखें इस महत्वपूर्ण बैठक में अधिवक्ता मनोज ठाकुर, अजय देवगन, दिनेश साहू, भूल सिंह, संजय दत्त उपस्थित रहे।

# मरुस्थल के मेहमानों की दस्तक से गुलजार हुआ सिंवार, तालाब किनारे ऊंटों का डेरा बना आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

■ राजस्थान से आए ऊंटों के जत्थे ने बढ़ाई ग्रामीणों की उत्सुकता, बच्चों में खासा उत्साह



भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही बेरला क्षेत्र में एक बार फिर मरुस्थली मेहमानों की आमद ने ग्रामीण परिवेश में अलग ही रंग भर दिया है। राजस्थान से आए ऊंटों का दल इन दिनों बेरला विकासखण्ड के ग्राम सिंवार में डेरा डाले हुए है, जहां स्थानीय तालाब के किनारे पानी पीते और विश्राम करते ऊंट लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

रेगिस्तान का जहाज कहे जाने वाले ऊंटों को एक साथ देखना ग्रामीणों, खासकर बच्चों के लिए कौतूहल का विषय बन गया है। रोजाना बड़ी संख्या में लोग तालाब किनारे पहुंचकर इन ऊंटों को नजदीक से देखने और तस्वीरें लेने का आनंद उठा रहे हैं। ग्रामीणों के बीच यह दृश्य किसी मेले से कम नहीं लग रहा है। जानकारी के अनुसार, हर वर्ष गर्मी के मौसम में राजस्थान के पशुपालक अपने मवेशियों के लिए चारे और पानी की तलाश में लंबी दूरी तय कर मैदानी इलाकों की ओर रुख करते हैं। इसी क्रम में वे ऊंटों को भी अपने साथ लाते हैं, जिनका उपयोग जरूरी सामान ढोने और यात्रा में सहायक के रूप में किया जाता है। फिलहाल सिंवार गांव में तालाब से पानी पीने के बाद यह दल पास के खेतों में अस्थायी टेंट लगाकर रात्रि विश्राम कर रहा है। ऊंटों और पशुपालकों की मौजूदगी ने गांव में एक अलग ही हलचल पैदा कर दी है, जिससे स्थानीय लोग इस अनोखे दृश्य का भरपूर आनंद ले रहे हैं।

## एसटीपी से उपचारित जल को पुनः उपयोग में लाने मंथन



**दुर्ग।** नगर निगम भिलाई द्वारा ग्राम कचांदुर में समोदा नाला के समीप निर्माणाधीन 150 एमएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी और नगर निगम दुर्ग में निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित जल के पुनः उपयोग के संबंध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक हुई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अक्ष्यता में आयोजित इस बैठक में नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित सिंचाई विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक क्षेत्र विकास निगम, पर्यावरण संरक्षण मंडल, जिला उद्योग केंद्र, शासकीय मेडिकल कॉलेज कचांदुर और नगर निगम भिलाई के अधिकारियों ने प्रस्तावित कार्ययोजना पर जल के पुनः उपयोग के संबंध में रायसुमारी की। अधिकारियों ने बताया कि नवंबर 2027 तक बन कर तैयार हो जाएगी। एसटीपी के पानी के पुनः उपयोग एसीसी सीमेंट जामुल, छावनी औद्योगिक क्षेत्र के समस्त उद्योग, सिंचाई, रेल्वे सर्विस यार्ड व मेडिकल कॉलेज कचांदुर और आईटीआई भिलाई में गार्डनिंग, वाहन सफाई और सिंचाई आदि के उपयोग में लाया जा सकेगा। कलेक्टर ने संबंधित संस्थानों से अधिकारियों को पानी की आवश्यकताओं के संबंध में चर्चा करने के निर्देश दिए है।

## 100 से अधिक कामगार महिलाओं का सम्मान स्वावलंबन और सशक्तीकरण पर दिया जोर



**भिलाई।** मजदूर दिवस के अवसर पर सेक्टर-6 स्थित कालीबाड़ी परिसर में एकता जनकल्याण फाउंडेशन द्वारा कामगार महिलाओं के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में घरों में बर्तन, पोछा तथा दुकानों में कार्यरत लगभग सौ से अधिक महिलाओं को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने सभी कामगार महिलाओं को श्रीफल और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन का उद्देश्य समाज में कार्यरत इन महिलाओं के योगदान को सम्मान देना और उनका मनोबल बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शुरू फाउंडेशन की सोनाली महादेवन और शपथ फाउंडेशन की रश्मि सागर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता किरण भोसले ने की। एकता जनकल्याण फाउंडेशन की संस्थापक पिंकी सिन्हा के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन में फाउंडेशन की सदस्य कुसुम घोष, टीकेश्वरी साहू एवं मानसी सरकार का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन जीवनदान सेवा संस्था के अध्यक्ष योगेश मानिकपुरी ने किया। पिंकी सिन्हा ने कहा कि एकता जनकल्याण फाउंडेशन हमेशा से जनहित और सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित रहा है।

## एचएमएस ने 35 प्रतिशत छंटनी का किया विरोध, वेतन की मांग

**भिलाई।** एचएमएस द्वारा सेक्टर 6 यूनियन कार्यालय में मजदूर सभा हुई। पर छत्तीसगढ़ के उधोगों में लगातार हो रहे हादसों पर चिंता व्यक्त की गई वेदान्ता हादसे में और भिलाई इस्पात संयंत्र में हुई दुर्घटना में मृत मजदूरों को श्रद्धांजलि के बाद मजदूरों को जीने लायक वेतन व सुविधाओं की मांग की गई। भिलाई श्रमिक सभा के अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने कहा कि लाखों मजदूरों के बलिदान से मिल रहे साप्ताहिक अवकाश, कार्य के निर्धारित आठ घण्टे व अन्य कई सुविधाओं पर पुनः सरकार की कुदृष्टि पड़ गई है। सरकार व प्रबंधन मिलकर मजदूर विरोधी कानून लागू कर रही हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे भिलाई श्रमिक सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रेम सिंह चंदेल ने कहा अपने हक व अधिकारों के लिए एक जुट होकर लड़ना होगा। महासचिव देवेन्द्र कुमार सिंह ने बीएसपी में इस्पात संयंत्र के दौरे पर इस्पात सचिव द्वारा नियमित अधिकारियों कर्मचारियों के साथ ठेका मजदूरों के 35 प्रतिशत छंटनी की चेतावनी का विरोध किया। इस अवसर पर यूनियन के प्रेम सिंह चंदेल, जोगेंद्र राव, देवेन्द्र कुमार सिंह, अशोक पण्डा, राजेश शर्मा मनोज जगदाले, जैनेन्द्र गहिने, नरेन्द्र पटेल, विष्णु पटेल, विजय पांडे, नितेन्द्र देशलहरे, टीकाराम साहूस एनके सिंह, एससी रथ, रामयोध्या आदि उपस्थित थे। संचालन देवेन्द्र कुमार सिंह ने किया।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश के सामने पूर्व पार्षद सहित कार्यकर्ताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता



**दुर्ग।** राजीव भवन शनिचरी बाजार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष, आप, शिवसेना सहित अन्य राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली। इसमें पूर्व पार्षद संजय सिंह भी शामिल थे। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल की अगुवाई ने लोगों ने कांग्रेस की रीति-नीति से जुड़ने का निर्णय लिया।

प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद लिखन साहू के साथ परिक्षेत्रीय साहू संघ के उपाध्यक्ष निर्भय राम साहू, संरक्षक चन्नू राम साहू, पीलू राम साहू रमेश देवदास यशपाल यादव छाती राम निषाद राजेश साहू बबलू श्रीवास्तव चेतन निषाद रूपेश साहू राजेंद्र साहू सहित दो दर्जन लोगों ने सदस्यता ली। इसी प्रकार शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे से सचिन पाटले, संतोष निषाद संजय निषाद दुर्गेश साकेत देशमुख राजू सूर्यवंशी जय सूर्यवंशी तिलक देशमुख रमन यादव अशोक माला पूरे धर्मेंद्र देशमुख कन्हैया राम, नरेंद्र ने सदस्यता ली। आप से संजय सिंह , घनश्याम सोनी अशोक पटवा शिशिर झा मनीष श्रीवास्तव शाहिद हसन खान आर कश्यप सुधीर नाथ संतोष कटहरे चेतु राम धृत लहरे, देव ने सदस्यता ली। इसके अलावा पूर्व पार्षद युवराज ठाकुर, अमित देवांगन सहित अन्य ने कांग्रेस प्रवेश कियाा। पूर्व मुख्यमंत्री ने सभी को कांग्रेसी गमछा पहनाकर प्रवेश दिलाया । सभी नवप्रवेशी कांग्रेसियों को कांग्रेस की विचारधारा और सिद्धांतों को लेकर जनता से संपर्क बनाना और जनता की सेवा करने का आह्वान किया।

## जल्द खुलेगा गोंडवाना भवन, कलेक्टर ने फर्म एवं सोसाइटी को लिखा पत्र

# निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज, ठाकुर ही रहेंगे अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष के विवाद पर अब विराम लग गया है। महासभा के एमडी ठाकुर ही अध्यक्ष होंगे। 17 फरवरी 2026 के उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाले

■ दो पक्षों में लंबे समय से बना हुआ है गतिरोध

कमलेश ध्रुव की याचिका को उपसचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निरस्त कर दिया गया है। साथ ही न्यायालय ने 12 अक्टूबर 2025 के चुनाव को निरस्त करने एवं नया चुनाव करने संबंधी पंजीयन फॉर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ द्वारा 8 जनवरी 2026 को दिए आदेश को यथावत रखा है। उप सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने 17 अप्रैल 2026 को जारी किए अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि पंजीयन फॉर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ के पारित आदेश 8 जनवरी 2026 के पालन में महासभा द्वारा पुनः 17 फरवरी 2026 को मतदान प्रणाली धारा से चुनाव संपन्न करा कर धारा 27 के तहत फॉर्म्स एवं संस्थाएं में जानकारियां ऑनलाइन जमा की गई है। वैध सदस्यों के बीच महासभा का विधिवत रूप से चुनाव संपन्न होने के कारण कमलेश ध्रुव की अपील याचिका खारिज कर फॉर्म्स एवं संस्थाएं द्वारा 8 जनवरी 2026 को पारित आदेश को यथावत रखा जाता है।



### फर्जी मतदान की मिली थी शिकायतें

केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष एमडी ठाकुर के समर्थकों और समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने बताया कि पूर्व में केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ का 10 सितम्बर 2025 में चुनाव हुआ था। चुनाव में निर्वाचन अधिकारी की लापरवाही की वजह से बेमेतरा, महासमुंद, बालोद, धमतरी व अन्य जिलों से फर्जी मतदान की शिकायतें सामने आई थी। जो लोग समाज के सदस्य नहीं थे, उन लोगों ने भी मतदान कर दिया था। इस मामले को लेकर दूसरा पक्ष अब भी आक्रोशित है। उन्होंने 7 मई को विरोध प्रदर्शन के लिए ज्ञापन सौंपा है। इस विषय को लेकर जल्द ही प्रशासन के साथ प्रतिनिधि मंडल की बैठक होनी है।

### भवन के संचालन के लिए महासभा के सुपुर्द करने कलेक्टर को पत्र सौंपा

याचिका के संबंध में न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुना और अपने 17 अप्रैल 2026 को जारी आदेश में कमलेश ध्रुव की याचिका खारिज कर दी गई। गोंडवाना भवन के संचालन के लिए महासभा के सुपुर्द करने कलेक्टर को पत्र सौंपा गया है। इस मांग पर कलेक्टर द्वारा अनुमोदन कर आवश्यक कार्रवाई के लिए फॉर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ को पत्र प्रेषित किया गया है। जिससे यह भवन कामकाज के लिए पुनः महासभा को जल्द मिल जाएगा। इस दौरान केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के प्रवक्ता विष्णुदेव ठाकुर, उपाध्यक्ष धुरसिंह ध्रुव, कोषाध्यक्ष सीताराम ठाकुर, सलाहकार राजकुमार ठाकुर, ऑडिटर रमाकांत ध्रुव, सदस्य महावीर ध्रुव, राजेंद्र ध्रुव भी मौजूद रहे।

## समाज में व्याप्त समस्याओं से सीएम को कराया अवगत

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में विभिन्न अनुसूचित जाति वर्ग और अंबेडकरी समाज का प्रतिनिधि मंडल ऑल पीएसयू एससी/ एसटी फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील रामटेके के नेतृत्व में विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट की।



इस दौरान प्रदेश में बसे देश विभिन्न राज्यों के अनुसूचित जाति वर्गों के लोग जो जाति प्रमाण पत्र के लिए विगत 25 वर्षों मांग की जा रही है। इस पर चर्चा कर मांग की गई। छत्तीसगढ़ में बौद्ध और अंबेडकरी समाज के लाखों लोग विगत 50 वर्षों से भी अधिक वर्षों से निवास कर रहे हैं। शासन ने समाज में किसी भी व्यक्ति को प्रतिनिधित्व नहीं दिया। इस पर विश्व की सबसे बड़ी बुद्धिस्ट धरोहर सिरपुर में इस समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधि के योग्यता के आधार पर प्रतिनिधि देने की मांग की गई। प्रदेश में सभी समाज के लोगों को शासन में प्रतिनिधित्व दिया है, किन्तु बौद्ध समाज को कहीं भी प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। डोंगरगढ़, सिरपुर, भोंगापाल आदिवासी क्षेत्र को सर्वोच्च पर्यटन स्थल बनाकर अंगीकार किया जाए। आजादी के 75 वर्षों के पश्चात आज भी वंचित समाज के लोगों पर अनदेखी हो रहे है, जिसपर अंकुश लगाने के लिए सरकार द्वारा सुनियोजित क्रियान्वयन किए जाने की मांग की गई।

**अनदेखीः** भीषण गर्मी में नौनिहाल नन्हे-मुन्ने बच्चे परेशान

# आंगनबाड़ी केंद्र भवन में वर्षों से बिजली कनेक्शन नहीं, लापरवाही आई सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

■ आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले नौनिहालों के लिए सुविधा नहीं

इन दिनों क्षेत्र में तापमान 42 से 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। ऐसी भीषण गर्मी में सुबह 8 बजे के बाद ही घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग अपने घरों में कूलर और पंखे की सुविधा के बीच किसी तरह दिन गुजार रहे हैं, लेकिन ग्राम रूसे कापा के आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले नौनिहालों के लिए यह सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। छोटे-छोटे नन्हे-मुन्हे बच्चे उमस भरे माहौल में बैठने को मजबूर हैं, जिससे उनकी सेहत पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बनी रहती है।




विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम रूसे कापा में वर्ष 2016-17 में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया गया था, लेकिन भवन बनने के कई साल बाद भी आज तक वहां बिजली कनेक्शन नहीं हो सका है। हैरानी की बात यह है कि भवन के अंदर लाइट और पंखे के लिए पूरी फिटिंग पहले से की गई है, लेकिन विद्युत खंभे से लाइन नहीं जुड़ने के कारण यह सब केवल शोपीस बनकर रह गया है। इसका सबसे अधिक असर आंगनबाड़ी आने वाले छोटे-छोटे बच्चों पर पड़ रहा है, जिन्हें इस भीषण गर्मी और उमस के बीच बिना पंखे के बैठना पड़ रहा है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि राज्य शासन ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है, ताकि बच्चों को राहत मिल सके। इसके बावजूद आंगनबाड़ियों में नौनिहाल नन्हे-मुन्हे बच्चों की उपस्थिति जारी है। ऐसे में जहां नन्हे बच्चे दिनभर उमस और गर्मी में समय बिताते हैं, वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी कठिन परिस्थितियों में काम करना पड़ रहा है।

### प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नही

ग्रामीणों ने बताया कि इस आंगनबाड़ी भवन में समय-समय पर मितानिनों की बैठक भी आयोजित होती है। बैठक के दौरान भी बिजली नहीं होने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग और शासन-प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई।

### जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन की मांग

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बच्चों की सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ग्राम रूसे कापा के आंगनबाड़ी भवन में जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन कराया जाए। यदि बिजली कनेक्शन हो जाता है तो कम से कम पंखे की सुविधा मिल सकेगी, जिससे भीषण गर्मी के इस मौसम में छोटे-छोटे बच्चों को कुछ राहत मिल पाएगी।

# सेवा निवृत प्राचार्य को ससम्मान विदाई दी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विगत दिनों छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला इकाई कबीरधाम ने नंदलाल धूमकेती को सेवा निवृत पश्चात पारंपरिक रीति से ससम्मान विदाई दिया गया।

जिलाध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे ने बताया कि तिरु नंदलाल धूमकेती अपना शासकीय सेवा 1992 से प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में इटारसी मध्यप्रदेश प्रारंभ किए, तत्पश्चात सन 2000 से 2005 तक आईटीआई कोनी बिलासपुर में रहे, 2005 से 2017 तक आईटीआई कबीरधाम में सर्वाधिक समय तक सेवा दिए, 2017 से 2019 तक डौंडीलोहारा वर्तमान में तथा 2019 से 30 अप्रैल 2026 आईटीआई सहसपुर लोहारा में प्राचार्य रहे। अपने 34 वर्ष की शासकीय सेवा को पूरी निष्ठा, लगन, ईमानदारी से कुशलता पूर्वक निर्विघ्न पूर्ण किए उसके साथ ही साथ सामाजिक सरोकार सह-उत्तरदायित्व का निर्वाहन करते आए है, आगे भी सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में कार्य करेंगे।

विगत दिनों 30 अप्रैल को सेवा निवृत हुए जिस पर संगठन ने उत्तम स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की मंगलकामना करते हुए नई पारी के लिए से प्रार्थना करते हुए सम्मान बधाई दी।

## खबर संक्षेप



### बुद्ध जयंती धूमधाम से मनाया गया

**कवर्धा।** दीपंकर बुद्ध विहार जन कल्याण समिति (बौद्ध समाज) द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समाज के अध्यक्ष गौकरण रोड़गे, के नेतृत्व में 01 मई को तथागत भगवान गौतम बुद्ध की 2589वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम शाम 7.00 बजे दीपंकर बुद्ध विहार मठपारा में बौद्ध समाज द्वारा सामूहिक पूजा-वंदना किया गया है, तत्पश्चात समाज के समस्त लोग रानी झांसी बालोद्यान कवर्धा में स्थापित बुद्ध प्रतिमा के समक्ष बुद्ध वंदना किया गया है।

उसके पश्चात नगर के समस्त बौद्ध उपासक-उपासिकाओं द्वारा अम्बेडकर चौक में स्थापित भगवान बुद्ध एवं बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष मोमबती प्रज्जवलित कर एवं माल्यार्पण कर सामूहिक वंदना किया गया। पश्चात रात्रि 8 से 9.00 बजे तक बुद्ध जंयती समारोह अम्बेडकर पार्क समारोह में बुद्ध, धम्म गीत, भाषण, प्रशोनत्तरी आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# क्षेत्र में खुलेआम अवैध ईंट निर्माण का कारोबार, नहीं हो रही कार्रवाई

## जानकारी के बावजूद शासन-प्रशासन की प्रभावी कार्यवाही नहीं





■ प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम रेंगाबोड, गुंघेटा, केशली बनिया, कुबा एवं आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों अवैध ईंट निर्माण का मामला ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि बाहरी राज्य मध्यप्रदेश से आए कुछ प्रजापति परिवारों द्वारा बिना वैध अनुमति के बड़े पैमाने पर कच्ची ईंट बनाकर उसे भट्टों में पकाया जा रहा है और खुलेआम बिक्री की जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह पूरा काम शासन-प्रशासन की आंखों के सामने बेखौफ तरीके से चल रहा है। आरोप यह भी है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई है। इससे ग्रामीणों में यह धारणा बन रही है कि अवैध ईंट निर्माण करने वालों और संबंधित विभाग के बीच कहीं न कहीं मिलीभगत हो सकती है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार इन ईंटों को मनमाने दामों पर बेचकर मोटी रकम वसूली जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। बताया जाता है कि जब इस संबंध में सवाल उठाया जाता है तो अवैध कारोबार में लगे लोगों द्वारा खुलेआम कहा जाता है कि जहां शिकायत करनी है कर लो, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इस प्रकार की बातें स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं।

### ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

इसी मामले को लेकर ग्राम पंचायत रेंगाबोड के सरपंच, उपसरपंच, पंचगण तथा ग्रामवासियों ने लिखित आवेदन देकर पंडरिया अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अवैध ईंट निर्माण को तत्काल रोकने, निर्माण सामग्री जब्त करने तथा दोषियों पर कार्यवाही की मांग की थी। ग्रामीणों के अनुसार अधिकारियों ने आवेदन स्वीकार कर शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिया था, लेकिन लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी धरातल पर कोई कार्यवाही दिखाई नहीं दी। जिस पर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों में गहरा असंतोष है। उनका कहना है कि यदि पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीणों की शिकायतों को भी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, तो आम जनमानस की समस्याओं की सुनवाई की कल्पना करना कठिन है।

### क्षेत्रीय विधायक से जांच कर कार्यवाही की मांग की

ग्रामीणों ने सोशल मीडिया के माध्यम से क्षेत्र की विधायक श्रीमती भावना बोहरा से मांग की है कि वे इस मामले को गंभीरता से संज्ञान में लें और संबंधित विभाग को तत्काल जांच एवं कठोर कार्यवाही की मांग की गई।

# एमपी की शराब तस्करी में दो आरोपी गिरफ्तार, अवैध मदिरा व कार जब्त

■ अवैध देशी शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग को बड़ी सफलता मिली है। जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुए उड़नदस्ता टीम ने मध्यप्रदेश से तस्करी कर लाई जा रही देशी शराब की खेप पकड़ी है।

इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में शराब और एक चार पहिया वाहन जब्त किया गया है। 2 मई की रात गश्त के दौरान आबकारी विभाग को मुखबिर से सूचना मिली कि मध्यप्रदेश से कुण्डा क्षेत्र की ओर शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही सहायक जिला आबकारी अधिकारी मनोज राठौर के नेतृत्व में जिला स्तरीय उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया और संभावित मार्गों पर घेराबंदी की गई।

टीम ने कुण्डा-पीपरमाटी-भरतपुर मार्ग पर एक संदिग्ध मारुति सुजुकी वैगनआर कार क्रमांक सीजी 04 केआर 2464 को रोककर तलाशी ली। जांच के दौरान वाहन से 8 कार्टन पेटियों में भरी 400 पाव देशी मदिरा बरामद की गई। इस पूरी कार्यवाही में आबकारी विभाग की टीम ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय दिया। जिसमें अभिनव आनंद बख्शी, नवराती कुजूर, चंद्रकुमार नेताम, रिखी राम, भूपेश कुमार साहू, शैलेन्द्र, जगदीश सिंह उइके, इम्तियाज खान, कमल मेश्राम, आकाश चौहान और वाहन चालक डायमंड साहू का विशेष योगदान रहा।



### उड़नदस्ता टीम की बड़ी कार्यवाही

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सभी पर सेल फॉर मध्यप्रदेश अंकित था। जब्त शराब की कुल मात्रा 72 बल्क लीटर पाई गई, जिसकी बाजार कीमत लगभग 32 हजार रुपए आंकी गई है। वाहन में सवार दो व्यक्तिय मनोज कुमार चंद्राकर निवासी ग्राम नानापुरी थाना कुण्डा और प्रदीप चंद्राकर निवासी ग्राम किसुनगढ़ थाना पंडरिया को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। तस्करी में प्रयुक्त वाहन की कीमत करीब 1 लाख रुपए बताई जा रही है, जिसे भी जब्त कर लिया गया है। वहीं आबकारी अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क, 34 (2), 36 और 59 (क) के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया।

## पूरे जिले में मई-जून माह में चलेगा सघन एनीमिया जांच अभियान

**कवर्धा।** जिले के बोडला विकासखंड नीति आयोग के आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित है। इसी क्रम में नीति आयोग के सहयोग से विकासखंड में स्वस्थ नारी अभियान नामक एक विशेष पहल प्रारंभ की जा रही है, जिसके तहत पूरे विकासखंड में एनीमिया जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित ये शिविर मई एवं जून 2026 के दौरान आयोजित होने वाले सुशासन तिहार शिविरों और पंचायत स्तर में लगाए जाएंगे। अभियान की शुरुआत 4 मई को झलमला में आयोजित सुशासन तिहार शिविर से होगी। इन शिविरों में महिलाओं एवं किशोरियों के लिए निःशुल्क एवं त्वरित हीमोग्लोबिन जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। जांच के साथ ही आवश्यकतानुसार मौके पर उपचार, रेफरल, आयरन फोलिक एसिड टेबलेट्स का वितरण तथा जीवनशैली एवं पोषण संबंधी परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। विशेष रूप से 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं में जांच पर ध्यान दिया जाएगा। एनीमिया एक प्रमुख स्वास्थ्य समस्या है, जो हमारे राज्य और जिले में महिलाओं एवं किशोरों के बीच व्यापक रूप से पाई जाती है। इसके लक्षण जैसे थकान, चक्कर आना, ध्यान में कमी (ब्रेन फॉग), विकास में देरी और रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी, दैनिक जीवन की गतिविधियों पर गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं। समय पर जांच, उचित उपचार और आहार में छोटे-छोटे बदलाव इसके रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। एनीमिया एक सामान्य किन्तु आसानी से रोके जाने योग्य समस्या है, जिसके प्रभावी उपचार के लिए समय पर जांच अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंच बनाकर उनकी जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

## आर्ची ने 5वीं में 94 % अंक प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



ग्राम मुंगेलीडीह की होनहार छात्रा आर्ची वैष्णव ने कक्षा पांचवीं की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है। छात्रा आर्ची वैष्णव ज्ञान उदय पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं। अपनी मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन के दम पर उन्होंने यह शानदार सफलता हासिल की। आर्ची की इस उपलब्धि से ग्राम मुंगेलीडीह में खुशी का माहौल है। परिजनों ने बताया कि आर्ची शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रही हैं। स्कूल के शिक्षकों ने भी उनकी लगन और मेहनत की सराहना करते हुए बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

**प्रतियोगिता में सीनियर व जूनियर खिलाड़ी हुए सम्मिलित**

# बेसबॉल प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के तत्वाधान में लगातार छठवीं वर्ष कवर्धा बेसबॉल प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का आयोजन 01 से 03 मई तक नगर के छीरपानी कॉलोनी मैदान में आयोजित किया गया। जिसका 01 मई को मुख्य अतिथि राजा पीयूष टाटिया संस्थापक प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी, डॉ प्रांजल जैन, दिनेश साहू, भूपेंद्र वैष्णव, कमलेश यदु, दिनेश, कैलाश माथुर के गरिमामयी उपस्थिति में भव्य शुभारंभ किया गया।

इस प्रतियोगिता में बिलासपुर, बेमेतरा, दुर्ग एवं कवर्धा के सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों के सम्मिलित हुए है यह टूर्नामेंट आईपीएल के तर्ज पर चार टीम बनाकर मैच कराया जा रहा हैं जिसमे 12-12 खिलाड़ियों को सभी टीमों में बाटा गया है, वहीं इन चार टीमों के प्रायोजक अशोका पब्लिक स्कूल, वीके कम्फर्ट कूलिंग, सतगुरु एजेंसी एवं बेसबॉल स्टाइकर्स ने किया है जिनके नाम से ये सभी खिलाड़ी मैच खेल रहे है। उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि ने कवर्धा एवं बाहर जिले से आए हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दिए एवं को उनको अनुशासन के साथ खेलने के लिए प्रेरित किए साथ ही प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर जो पदक लगाकर कबीरधाम जिले का नाम रौशन किया है उन सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

### खिलाड़ियों ने शानदार हीटिंग प्रदर्शन किया

एकेडमी के सचिव राजा जोशी ने बताया कि पहले दिन लीग मैच का पहला मुकाबला डाउजर्स बेसबॉल विरुद्ध ब्लू जायस के बीच खेला गया, जिसमें डाउजर्स टीम ने अपने शानदार हीटिंग और पिचिंग के मदद से 5-1 के स्कोर से मैच सोने नाम किए दूसरा मैच बेसबॉल स्टाइकर्स विरुद्ध वाइकिंग के बीच खेला गया जिसमें वाइकिंग की टीम ने 02-00 से मैच जीता तीसरा मुकाबला डाउजर्स विरुद्ध वाइकिंग के साथ हुआ यह मुकाबला बहुत ही रोमांच भरा रहा जिसमे डाउजर्स ने 7-5 के स्कोर से मैच जीता चौथा मुकाबला बेसबॉल स्टाइकर्स विरुद्ध ब्लू जायस के बीच हुआ जिसमे बेसबॉल स्टाइकर्स की टीम ने ब्लू जायस को 4-3 के स्कोर से मैच जीता पांचवा मुकाबला वाइकिंग विरुद्ध ब्लू जायस के बीच हुआ इस मैच में वाइकिंग की टीम ने अपने शानदार हीटिंग के मदद से ब्लू जायस टीम को 03-02 के स्कोर से हराकर मैच सोने नाम किए वही लीग का अंतिम मैच डाउजर्स विरुद्ध बेसबॉल स्टाइकर्स के बीच खेला जाएगा।

## पेज 9 का शेष

### प्रशासन भी देगा जवाब ...

व्यवस्थाओं, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा कानून-व्यवस्था पर जानकारी देंगे।

### यातायात नियमों की ...

शुल्क वसूला गया। कार्रवाई के दौरान यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, उपनिरीक्षक मोहन साहू, रघुवीर सिंह सहित पुलिस टीम मौजूद रही। इसके साथ ही "सशक्त ऐप" के माध्यम से गुम या चोरी हुए वाहनों की पहचान के लिए जिले भर में वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। इस दौरान 60 वाहनों की जांच की गई।

### कमर्शियल गैस ....

प्रभावित होगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस बढ़ोतरी के पीछे पश्चिम एशिया में जारी तनाव और वैश्विक ऊर्जा संकट प्रमुख कारण हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा प्रभाव गैस और ईंधन के दामों पर पड़ रहा है।

### दर्री में जनचौपाल ...

मे मिले आवेदन शासन के वेबसाइट मे आनलाईन नही होगा जबकि सुशासन तिहार मे प्राप्त आवेदनो को आनलाईन कर सूचीबद्ध किया जायगा जिससे समयबद्ध निराकरण की संभावना बनी रहती है,ग्राभीणो ने कहा कि जनचौपाल अनाधिकृत शिविर का आयोजन है जिसमे शिविर पूर्व विकट समस्याओ को निपटारा किया जा सके यह समाधान शिविर मे हो हल्ला से बचने का केवल उपाय ही है। गौरतलब है कि साजा ब्लॉक मे 06 स्थानो पर सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर लगाने तिथि निर्धारित की गयी है जिसके अंतर्गत थान खम्हरिया तहसील के समीपस्थ ग्राम दर्री मे प्रथम शिविर 6 मई को आयोजित है इसके अंतर्गत भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, मनरेगा अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान, हितग्राहीमूलक योजनाओं के लंबित भुगतान, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएं तथा हैंडपंप सुधार जैसे मुद्दों का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित करने विभिन्न विभाग के सक्षम अधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का भी लाभ दिलाने पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया जायगा।ग्राम दर्री मे शिविर पूर्व आयोजित जनचौपाल कार्यक्रम की औचित्य पर ग्रामीणो का सीधा सवाल है कि समस्याओ के निराकरण नही होकर केवल आश्विसन पर सुशासन की छबि दिखनी चाहिए।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## पोटियाकला सरकारी स्कूल में लगी आग

**दुर्ग।** पोटिया कला में स्थित शासकीय स्कूल में अचानक आग लग गई। स्कूल में प्रचार्य कक्ष में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और स्कूल के जरूरी कागज भी सुरक्षित बचा लिया गया। घटना मामला पद्ममनाभपुर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक 1 मई की रात पोटिया कला के शासकीय स्कूल के प्रचार्य कार्यालय से अचानक धुआं और आग की लपटें उठने लगा। आसपास के लोगों ने तुरंत सूचना अग्निशमन कार्यालय दुर्ग को दी। टीम पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। अग्निशमन कर्मियों ने तुरंत काम शुरू किया। जवान धुएं और आग से भरे कमरे के अंदर गए। जवानों की सतर्कता और तेजी से काम करने के कारण आग स्कूल के अन्य हिस्सों तक नहीं फैल सकी। हालांकि प्राचार्य कक्ष का कुछ सामान जलकर खाक हो गया है। अग्निशमन कर्मियों ने खास तौर पर कमरे में रखे शासकीय दस्तावेजों को बचाने पर ध्यान दिया। समय रहते आग बुझा लेने से बड़े नुकसान से बचाव हो गया।

### इंतजाम : 50 गांवों को जल उपलब्ध, जीवन का बनती है सहारा

# भीषण गर्मी में जिले के लिए राहत बनी शिवनाथ, कुम्हिगुड़ा एनीकट लबालब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भीषण गर्मी और नौतपा की आहट के बीच जिले के अधिकांश जलस्त्रोत जहां सूखकर खाली हो चुके हैं, वहीं शिवनाथ नदी इस समय जिलेवासियों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। खासकर कुम्हिगुड़ा एनीकट में भरपूर जलभराव ने लोगों को बड़ी राहत दी है। जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग की सुनियोजित जल प्रबंधन रणनीति इस बार कारगर साबित हुई है।

जिले में शिवनाथ नदी को लाइफलाइन माना जाता है। यह नदी बेरला क्षेत्र के कुम्हिगुड़ा गांव के पास सुरही नदी से संगम कर जिले में प्रवेश करती है और आगे किरितपुर के पास खारुन नदी से मिलकर नांदघाट होते हुए आगे बढ़ जाती है। इस दौरान यह करीब 50 गांवों को जल उपलब्ध कराते हुए जीवन को सहारा देती है। यही वजह है कि इसके आसपास के गांवों में गर्मी के मौसम में भी दूसरी फसल ली जाती है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार स्थिति काफी बेहतर है। जहां बीते साल इसी समय शिवनाथ नदी कई स्थानों पर सूख गई थी और कुम्हिगुड़ा एनीकट में जलस्तर काफी कम था, वहीं इस बार एनीकटों में पर्याप्त पानी भरा हुआ है। दरअसल, पिछले वर्ष की स्थिति से सबक लेते हुए जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग ने मानसून से ही जल संग्रहण की विशेष योजना पर काम शुरू कर दिया था। एनीकटों के गेट संचालन और जलधारण क्षमता के बेहतर प्रबंधन से यह सकारात्मक परिणाम सामने आया है।



**सूखी सहायक नदियां, शिवनाथ ही सहारा:** जिले में जल संकट की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। सुरही, हॉफ, सकरी और लोर जैसी सहायक नदियां पूरी तरह सूख चुकी हैं। नहरों और नालों में भी पानी का अभाव है। ऐसे में शिवनाथ नदी के एनीकटों में संचित जल ग्रामीणों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। हालांकि बेरला क्षेत्र में दुर्ग की तांदुला नहर के माध्यम से सीमित जल आपूर्ति की जा रही है, लेकिन वास्तविक राहत शिवनाथ से ही मिल रही है।

### भूजल रिचार्ज में मिल रही संजीवनी

कुम्हिगुड़ा से लेकर नांदघाट तक एनीकटों में रोका गया पानी क्षेत्र के भूजल स्तर को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। इसका सीधा असर हैंडपंपों और बोरवेल पर देखा जा रहा है, जहां पानी की उपलब्धता बनी हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार, एनीकटों में जलभराव से जमीन के भीतर जल का पुनर्भरण होता है, जिससे गर्मी में भी जल संकट की स्थिति नियंत्रित रहती है।

### विभाग की रणनीति लाई रंग

जल संसाधन विभाग के एसडीओ उमाकांत सुखदेवे के अनुसार शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष जल संग्रहण पर विशेष ध्यान दिया गया है। पिछले साल की तुलना में इस बार शिवनाथ के एनीकटों में बेहतर जल स्टॉक है, जो न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि आसपास के गांवों के भूजल स्तर को बनाए रखने में भी सहायक है।

## देऊरगांव स्कूल का 10वीं व 12वीं बोर्ड में पहली बार 100% परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विकासखंड साजा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देऊरगांव ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों में पहली बार 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित इन परीक्षाओं में विद्यालय के सभी विद्यार्थी सफल रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। कक्षा 10वीं की परीक्षा में कुल 51 छात्र शामिल हुए थे और सभी 51 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें 16 छात्र प्रथम श्रेणी, 33 द्वितीय श्रेणी और 2 छात्र तृतीय श्रेणी में पास हुए। मेरिट सूची में कु. लुकेश्वरी सिन्हा ने 88.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं कु. लाकेश्वरी ने 88.10 प्रतिशत के साथ दूसरा और कु. हेमा ने 78.57 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह कक्षा 12वीं की परीक्षा में 36 विद्यार्थी शामिल हुए और सभी 36 सफल रहे। इनमें 19 छात्र प्रथम श्रेणी और 17 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं में प्रिया निषाद ने 83.87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कु. निशा ने 79.80 प्रतिशत के साथ दूसरा और कु. पूजा ने 75.40 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में यह पहली बार हुआ है जब दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। इस सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भाव सिंह नेताम के कुशल नेतृत्व, शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों के समर्पण को दिया जा रहा है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से देऊरगांव सहित पूरे साजा क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है और विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।






## मनीष वर्मा ने कक्षा 10वीं में प्राप्त किए 85% अंक



**साजा।** ग्राम पंचायत सोमई कला के उपसरपंच नरेश वर्मा के बड़े सुपुत्र मनीष वर्मा कक्षा 10वीं चिल्फी स्कूल में सबसे अधिक अंक 85% लेकर अपने स्कूल व ग्राम का नाम रोशन किया। संरपंच प्रतिनिधि गज्जू साहू उपसरपंच नरेश वर्मा, भुनेश्वर साहू पंच, तुला राम वर्मा पंच, हेमंत साहू ,धनराज वर्मा ने सम्मानित किया।

## गौ-न्याय की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन जारी

**बेमेतरा।** उसलापुर (झिरिया) स्थित वन विभाग नर्सरी में 300 से अधिक गौ-वंशों की मौत के विरोध में शहर के सिग्नल चौक पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन और अनशन रविवार को छठे दिन भी जारी रहा। लगातार बढ़ते जनसमर्थन के बीच यह आंदोलन अब जन-आक्रोश का रूप लेता नजर आ रहा है। जनपद सदस्य एवं जिला युवा कांग्रेस महासचिव दीपक दिनकर के नेतृत्व में शुरू हुआ यह आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। धरना स्थल पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और गौ-सेवा से जुड़े लोग मौजूद हैं। आंदोलनकारियों ने घटना को प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम बताते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग दोहराई है। रविवार को आंदोलन को समर्थन देने प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी, जिला पंचायत सदस्य सुशीला जोशी, शशिप्रभा गायकवाड़, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश वर्मा, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष अतुल साहू और वतन मिश्रा सहित कई जनप्रतिनिधि धरना स्थल पहुंचे। नेताओं ने सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए घटना को गंभीर लापरवाही बताया।



पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि गौ-रक्षा के नाम पर राजनीति करने वाली सरकार के कार्यकाल में इतनी बड़ी संख्या में गौ-वंशों की मौत होना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और जिम्मेदार अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग की। वहीं आशीष छाबड़ा ने इसे व्यवस्था की विफलता बताते हुए कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक उठाएगी और न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगों में दोषियों पर तत्काल कार्रवाई और पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच शामिल है। चेतावनी दी गई है कि मांगें पूरी नहीं होने तक अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा।